भारत के सभी गुजराती समाज को एक छत के नीचे लाने का लिया संकल्प : संजय

सच संवाददाता ॥ भोपाल

अखिल भारत गुजराती समाज की राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक भोपाल गुजराती समाज भवन में अध्यक्ष संजय भाई पटेल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थित विशेष रूप से विभिन राज्यों के पदाधिकारी ने अपने -अपने समाज के कार्यकलापों की जानकारी दी। बैठक की शुरुआत प्रभु प्रार्थना और स्वर्गीय सदस्य को श्रद्धांजलि अर्पण करके हुई।

इस दरमियान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संजय भाई पटेल ने बताया कि समाज की उन्नति किस तरह से होनी चाहिए और समाज में जो व्यवहार हो पारदर्शी होना चाहिए। समाज का उत्कर्ष किस तरह से हो उसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के सभी गुजराती समाज के लोगों को एक छत के नीचे लाने का संकल्प लिया और कहा कि अखिल भारत गुजराती समाज इस पहल के लिए पुरजोर कोशिश करेगा और उन्होंने अपील की, कि समाज के लोग सभी समाज के लोगों को प्रेरित करें। संजय पटेल ने देशभर के सभी गुजराती भाई अखिल भारत गुजराती समाज से जोड़कर और गुजरात गवर्नमेंट का जो एनआरजि डिपार्टमेंट है उसके साथ किस तरह से संलग्न किया जाए इस संदर्भ में जानकारी साझा की। संजय पटेल ने बताया कि अखिल भारत गुजरात की संचालक मंडल की मीटिंग साल में दो बार और कार्यकारिणी की मीटिंग साल में एक बार होनी चाहिए। समाज के लोगों को किस तरह से स्वास्थ्य, शैक्षणिक, व्यवसायिक और सामाजिक रूप से जोड़ा जाए इस बारे में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। अखिल भारत गुजराती समाज के सचिव महामंत्री नीलेश भाई शाह ने सदस्यों के सामने उनका संगठन के अध्यक्ष की मंशा रखी। जिसमें उन्होंने नए मेंबर और आज तक नई कमेटी ने जो-जो कार्य किए उसकी विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष मनोज भाई झा ने पिछले एकाउंट्स का वाचन किया और उसके लिए सदस्यों से मंजूरी ली, साथ ही भारत से आए हुए विविध राज्यों से पदाधिकारी अध्यक्ष सेक्रेटरी ने अपने- अपने विचार रखें।

विभिन्न राज्यों से पदाधिकारियों में बेंगलुरु से अर्जुन भाई पटेल, नागपुर से मोहन भाई दीवानी, हैदराबाद से जिग्नेश भाई गोकाणी, अकोला से हेमेंद्र भाई राज्गुरु, नासिक से महेंद्र भाई मजीठिया, कोलकाता से हरीश भाई सोनी एवं राजेश भाई वाघनी, गोवा से श्रीमती अर्चना बेन शाह ऐसे विविध जगह से महानुभाव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नासिक से आए महेंद्र भाई मजीठिया किया और आभार दर्शन हरीश पाटीदार ने किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती सेलिब्रेट का आग्रह

कार्यक्रम में पुणे से आए भारत भारती के विनय पत्रले एवम संजय भाई दुंगरानी ने आग्रह किया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दो। उन्होंने बतायाकि 31 अक्टूबर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की शार्ध शताब्दी महोत्सव है तो पूरे भारतवर्ष के 150 शहरों में सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती को अच्छी तरह से सेलिब्रेट करना चाहिए। उनके इस आग्रह को अखिल भारत गुजराती समाज की कमेटी ने स्वीकृति दी और अपना सहयोग देने का वचन दिया। अखिल भारत गुजराती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पटेल एवं इस कार्यक्रम को समाज के उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा सराहा गया ।

एलएन मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस का भव्य आयोजन

भोपाल। एलएन मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन अपडेट कॉफ्रेंस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं चिकित्सा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहे नवीनतम शोध व तकनीकी विकास को साझा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्शन सिंह चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक रमेश्वर शर्मा, अनुपम चौकसे एवं धर्मेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।* अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना की और ऐसे आयोजनों को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताया।

डॉ. डी. पी. सिंह ने कहा कि क्लीनिकल एग्जामिनेशन चिकित्सा शिक्षा की नींव है, जो धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। इसे पुनर्जीवित करना आज की आवश्यकता है। डॉ. नर्मदा पटेल ने मिशन 2047 की चर्चा की और भारत के 100 वर्ष पूरे होने पर डॉक्टरों की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार रखे। डॉ. भूपेन्द्र राठे ने माइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर अत्यंत उपयोगी सत्र लिया।

सच अलर्ट

प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें
www.buddy4study.com

यूक्यू इंटरनेशनल हाई अचीवर्स अवार्ड - इंडिया 2025

- विवरण: यूक्यू (यू यूए) इंटरनेशनल हाई अचीवर्स अवार्ड - इंडिया 2025, वर्चीसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया द्वारा विश्वविद्यालय में पूर्वस्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को प्रदान किया जा रहा है।
- मानदंड: भारत सहित दुनिया देशों के ऐसे छात्र आवेदन के पात्र हैं, जिनके पास वैध पासपोर्ट हैं। आवेदकों को वर्चीसलैंड विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक पूर्वस्नातक या सातकोत्तर पाठ्यक्रम करने का प्रस्ताव प्राप्त होना चाहिए। छात्रों के पास अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता, सम्बंधित कार्यक्रम के लिए प्रवेश रेंक और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रतियोगी स्कोर होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: शैक्षिक शुल्क में प्रति सेमेस्टर 20 प्रतिशत की छूट।
- अंतिम तिथि : पूरे वर्ष आवेदन आमंत्रित हैं।
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/UQI1
- QR Code: https://d2w71p59 qkl0r.cloud-front.net/static/images/scho-media/2025174348247 3.png

एजुकेशन फ्यूचर इंटरनेशनल स्कॉलरशिप 2025

- विवरण: एजुकेशन फ्यूचर इंटरनेशनल स्कॉलरशिप 2025, एजुकेशन फ्यूचर संगठन द्वारा उन मेधावी भारतीय छात्रों को प्रदान किया जा रहा है जो विश्व स्तरीय किसी भी शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं।
- मानदंड: सभी वैध पासपोर्ट धारक भारतीय नागरिक आवेदन के पात्र हैं। आवेदकों को भारत के बाहर किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में पूर्वस्नातक/सातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होना आवश्यक है। उनके द्वारा कक्षा 10 और 12 में न्यूनतम 60त अंक प्राप्त करना अनिवार्य है तथा शिक्षा हेतु कोई भी वित्तीय साधन के अभाव को साबित करने में सक्षम होना चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 2 से रुपए 10 लाख के बीच छात्रवृत्ति राशि।
- अंतिम तिथि: पूरे वर्ष आवेदन आमंत्रित हैं।
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/EFIS5
- QR Code: https://d2w71p59qkl0r. cloud-front.net/static/images/scho-media/2025174348240 7.png

जे के टायर शिक्षा सारथी स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2025-26

- विवरण: जे के टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दुनिंद्य स्थानों पर रहने वाली उन सभी भारी वाहन चालकों की बेटियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं जो सामान्य या व्यावसायिक पूर्वस्नातक या डिप्लोम पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं।
- मानदंड: यह छात्रवृत्ति उन छात्राओं के लिए है जो भारी वाहन चालकों की बेटियों हैं और सामान्य या व्यावसायिक पूर्वस्नातक या डिप्लोम पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं
- आवेदकों ने अपने पिछले शैक्षणिक वर्ष में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों।
- वार्षिक पारिवारिक आय रुपए 5,00,000 या इससे कम होनी चाहिए।
- आवेदक राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और तमिलनाडु का निवासी होना चाहिए।
- जेके टायर और बड़ी 4रुटी के कर्मचारियों के बच्चे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
- इनाम/लाभ: सुनिश्चित वार्षिक छात्रवृत्ति विवरण:
- व्यावसायिक पूर्वस्नातक पाठ्यक्रम: रुपए 25,000
- सामान्य पूर्वस्नातक पाठ्यक्रम: रुपए 15,000
- डिप्लोम पाठ्यक्रम: रुपए 15,000
- अंतिम तिथि: 06-10-2025
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/JKTS3
- QR Code: https://d2w71p59qkl0r. cloud-front.net/static/images/scho-media/jk-tyre-shiksha-sarthi-scholarship-program-2025-261757331494.png

रिलायंस फाउंडेशन अंडरग्रेजुएट स्कॉलरशिप्स 2025-26

- विवरण: रिलायंस फाउंडेशन अंडरग्रेजुएट स्कॉलरशिप्स का उद्देश्य देश के किसी भी क्षेत्र से आने वाले मेधावी छात्रों को उनकी पूर्वस्नातक शिक्षा हेतु सहायता प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने, सफल पेशेवर बनने, अपने सपनों को साकार करने, स्वयं और अपने समुदायों के उत्थान हेतु अपनी क्षमता को उभारने तथा भारत में भावी सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया जाता है।
- मानदंड: आवेदक के लिए आवश्यक है कि:
- वह भारत में रहने वाला भारतीय नागरिक हो।
- न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो।
- वर्तमान में किसी भी स्ट्रीम में नियमित पूर्णकालिक डिग्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (शैक्षणिक वर्ष 2025-26) में नामांकित हो।
- छात्र की हेतु वार्षिक आय ?15 लाख से कम हो (2.5 लाख रुपये से कम वालों को प्राथमिकता दी जाएगी)।
- योग्यता परीक्षा अनिवार्य है।
- निम्नलिखित छात्र आवेदन के पात्र नहीं हैं:
- वे छात्र जो द्वितीय वर्ष या उससे उच्च स्तर पर हैं (जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 या उससे पहले अपना पाठ्यक्रम शुरू किया है।)
- वे छात्र जो ऑनलाइन, हाइब्रिड, रिमोट, दूरस्थ या किसी अन्य गैर-नियमित माध्यम से अपनी डिग्री प्राप्त कर रहे हैं।
- वे छात्र जिन्होंने कक्षा 10 के बाद डिप्लोम प्राप्त किया है।
- वे छात्र जो 2-वर्षीय और 6-वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम कर रहे हैं।
- वे छात्र जो अनिवार्य योग्यता परीक्षा में उत्तर नहीं देते हैं या परीक्षा के दौरान नकल करते पाए जाते हैं।
- इनाम/लाभ: डिग्री अवधि के दौरान रुपए 2,00,000 तक की राशि
- अंतिम तिथि: 04-10-2025
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/RFS13
- QR Code: https://d2w71p59qkl0r.cloud-front.net/static/images/scho-media/reliance-foundation-undergraduate-scholarships-2025-261756116016.png

कायस्थ संसद क्लब ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

सच संवाददाता ॥ भोपाल

कायस्थ संसद क्लब भोपाल ने आयोजित समारोह में मेधावी कायस्थ छात्रों के सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन में अपर मुख्य सचिव, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री मनु श्रीवास्तव तथा मध्यप्रदेश शासन में महानिदेशक, होम गार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सेवानिवृत्त आईएएस मलय श्रीवास्तव, केसी श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार एवं 'मध्यप्रदेश गान' के रचयिता महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ राजनीतिज्ञ ब्रजमोहन श्रीवास्तव, श्रीमती रीना कानूनगो, डॉ. राजेश कानूनगो, वीरेंद्र भटनागर तथा श्री शैलेन्द्र शरण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कायस्थ संसद क्लब के संयोजक सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, क्लब के संस्थापक सदस्य वीरेन्द्र भटनागर ने कायस्थ संसद क्लब की स्थापना, उसकी पृष्ठभूमि और उद्देश्यों की जानकारी उपस्थित जनों को दी। समारोह में कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले कुल 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन नवनीत सिन्हा ने किया तथा आभार प्रदर्शन विक्रम सक्सेना द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में कायस्थ संसद क्लब के प्रमुख सदस्यों में हरिओम भटनागर, बी.के. श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

मानसरोवर समूह में फार्माकोविजिलेंस फॉर आयुर्वेदिक मेडिसिन विषय पर कार्यशाला

सच संवाददाता ॥ भोपाल

मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर और श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन सहित क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में दसवें आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में फार्माकोविजिलेंस फॉर आयुर्वेदिक मेडिसिन विषय पर जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मानसरोवर आयुर्वेद प्रांगण में किया गया।

जागरूकता कार्यशाला काप स्टडी ऑन फार्माकोविजिलेंस परियोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के रजिस्टर्ड आयुर्वेद शिक्षकों एवं चिकित्सकों के लिए आयोजित की गई जिसमें आयुर्वेद औषधियों के फार्माकोलॉजी पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुरस्त कनौजिया, सदस्य मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड, एनसीआईएसएम, विशिष्ट अतिथि निदेशक आयुर्वेदा मानसरोवर समूह डॉ. बाबुल ताम्रकार, अतिथि वक्ता डॉ. शिरोमणि मिश्रा, विभागाध्यक्ष द्रव्य गुण शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर अनुसंधान अधिकारी आयुर्वेद डॉ. दारा सिंह रोतवार, डॉ .अनुराग सिंह राजपूत, प्राचार्य मानसरोवर आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ.भारत चौरागड़े, प्राचार्य श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एवं मेडिसन एवं डॉ. एन. श्रीकांत, उपमहानिदेशक केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के प्रभारी डॉ. बृजेश सिंह सिसोदिया की वर्चुअली उपस्थिति में धनवंतरी वंदना के साथ किया गया। कार्यशाला में स्वागत भाषण डॉ. अनुराग सिंह राजपूत द्वारा दिया गया एवं कार्यशाला की पृष्ठभूमि की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ. सुश्रत कनौजिया ने सभा को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में आयुर्वेद एवं आयुर्वेद में फार्माकोविजिलेंस के महत्व एवं चिकित्सकों के सहभागिता सहयोग पर बल दिया।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न सत्र में सर्वप्रथम डॉ. शिरोमणि मिश्रा, विभागाध्यक्ष द्रव्य गुण, शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय उज्जैन द्वारा आयुर्वेद में फार्माकोविजिलेंस से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। प्रधान अन्वेषक फार्माकोविजिलेंस परियोजना डॉ. दारा सिंह रोतवार ने फार्माकोविजिलेंस इन आयुर्वेदा तथा रिपोर्टिंग ऑफ एडीआर विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। सह अन्वेषक फार्माकोविजिलेंस परियोजना डॉ. मदन मोहन शर्मा ने मिसलीडिंग एडवर्टीजमेंट विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मानसरोवर समूह की कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी और प्रति कुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत और श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन के प्राचार्य डॉ. भारत चौरगा? सहित दोनों महाविद्यालयों के प्राध्यापकों सहित कुल 128 शिक्षकों और चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। अंत में डॉ. भारत चौरगा? के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

नगमों की महफिल में सुर संदेश म्यूजिकल ग्रुप ने मचाई धूम

सच संवाददाता ॥ भोपाल

सेवन एंड सेवन रिसॉर्ट के शानदार हॉल में सुर संदेश कराओके म्यूजिकल ग्रुप क सदाबहाल सुरमई गीतों की महफिल का आयोजन ग्रुप के आयोजक संदेश कुमार सुले द्वारा आयोजित किया गया, आदेश सेल, सुजीत पांडा, रवि मालवी सरिता पांडा ममता मालवीय, आराधना अर्गल, मृदुला अर्गल, नंदा जी ने सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलित कर सुरमई गीत का आरंभ हुआ, जिसमें सुजीत पांडा जुगादे अखिलेश अर्गल मनीष , राजेश अभिताभ , अविनाश , प्रकाश योगेश पिल्लई

सर अभय उदय , अरविंद रवीन्द्र भालेराव सतीश संजय अशरफ खान लक्ष्मण ने सुरों का जाती बिखेरा।

फीमेल सिंगर मे अपेक्षा सरिता पांडा शशिकला , आराधना, मीना जी मधु नन्दा अनामिका ममता , वसुंधरा सुगंधा मृदुला रश्मि एवं अन्य फीमेल सिंगर की शानदार प्रस्तुति रही पूरे प्रोग्राम में सभी के गीतों ने मन मोह लिया। सुजीत पांडा और सरिता द्वारा दी गई प्रस्तुति तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त गीत पर श्रोतागण झूम उठे। अंत में आयोजक संदेश सुले द्वारा धमाकेदार मैं निकला गड्डी लेकर पर तो पूरे सिंगर को डांस के लिए मजबूर कर दिया।

रवीन्द्र भवन में भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान आरंभ

मप्र ने विश्व को दिखाया, चिकित्सा और तकनीक शिक्षा हिंदी में भी संभव : परमार

सच संवाददाता ॥ भोपाल

मध्यप्रदेश ही वह राज्य है जहाँ से इस मिथक को तोड़ा गया कि चिकित्सा और तकनीक जैसे विषयों की पढ़ाई 'हिंदी' में नहीं हो सकती। मध्यप्रदेश में विश्व को ये दिखाया कि चिकित्सा और तकनीक शिक्षा के क्षेत्र में हिन्दी भाषा से अध्ययन संभव है। देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। यह शिक्षा नीति ज्ञान आधारित शिक्षा है। ये बात माननीय उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में दो दिवसीय भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का शुभारंभ अवसर पर कही। संस्कृति संचालनालय, वीर भारत न्यास और माधवराव सप्रे संग्रहालय के साझा आयोजन के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मुख्य अतिथि थे। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता गुजरात साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री विष्णु पंडया ने की। शुभारंभ सत्र के तत्काल बाद विभिन्न भारतीय भाषाओं और हिंदी के बीच अंतरसंबंध पर विमर्श हुआ तथा दूसरे सत्र में 'भारतीय भाषा एवं प्रौद्योगिकी' विषय पर व्याख्यान हुआ। अनुष्ठान को संबोधित करते श्री परमार ने कहा कि भारतीय दर्शन श्रेष्ठ दर्शन है लेकिन पिछले कुछ सालों में इस सच को छिपाया गया। अब समय आ गया है कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से हम इस दर्शन से बच्चों को परिचित करायेंगे। नई पीढ़ी जब इस दर्शन को जान जाएगी तो इसमें कुछ संशय नहीं कि भारत अपना पुराना गौरव पुनः प्राप्त कर लेगा। उन्होंने कहा कि भाषाएँ आपस में एक दूसरे को जोड़ती हैं यह संदेश मध्यप्रदेश की धरती से देश ही नहीं दुनिया में इस अनुष्ठान के माध्यम से जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाएँ पढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी। इसमें से किसी एक भारतीय भाषा को पढ़ना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा। इसके पीछे सरकार की मंशा यह है कि इससे भाषायी सौहाद्र तो पैदा हो ही साथ ही हमारे प्रदेश के विद्यार्थी जब दूसरे प्रदेशों में जायें तो उस प्रदेश की भाषा के बल पर आसानी से अपना कौशल विकसित कर लें।

हिंदी दिवस पर अल्ट्रा प्ले पर खास कलेक्शन

हिंदी दिवस पर विशेष स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अल्ट्रा प्ले दर्शकों के लिए हिंदी सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों का खास कलेक्शन लेकर आया है। इसमें पुरानी क्लासिक फिल्मों से लेकर नए जमाने के सुपरहिट फ़िल्में शामिल हैं। यह कलेक्शन दिखाता है कि हिंदी सिनेमा समय के साथ कैसे बदलता गया और हमेशा लोगों का दिल जीतता रहा। राज कपूर की एक यादगार फिल्म, जिसमें मेरा जूता है जापानी और प्यार हुआ इकरार हुआ जैसे गाने हैं।

श्री 420 (1955) - राज कपूर की एक यादगार फिल्म, जिसमें मेरा जूता है जापानी और प्यार हुआ इकरार हुआ जैसे गाने हैं। यह फिल्म आज़ादी के बाद भारत की समस्याओं और प्रेम को बहुत ही खूबसूरती से दिखाती है।

दो आँखें बारह हाथ (1957)- वी. शांताराम द्वारा निर्देशित और अभिनय की गई

यह राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित क्लासिक फिल्म है जो एक सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें एक ईमानदार जेलर की कहानी दिखाई गई है जिसमें उसने कठोर अपराधियों को सुधारने की कोशिश की। इसमें ऐ मालिक तेरे बंदे हम जैसा लोकप्रिय गीत है। शम्मी कपूर और शर्मिला टैगोर की फिल्म, जिसकी शूटिंग विदेश में की गई थी। इस फिल्म ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर और नए अंदाज की शुरुआत की। ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया की पहली फिल्म, जिसने किशोर प्रेमकहानी को लोकप्रिय बनाया। राज कपूर ने इसे निर्देशित किया था। अमिताभ बच्चन की प्रसिद्ध फिल्म, जिसमें शानदार ड्रामा और एक्शन है। शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन की गंभीर चोट भी हुई थी। आर. के. नारायण की कहानियों पर बनी टीवी सीरीज, जिसने छोटे शहर की सादगी और मासूमियत को दिखाया। इसे हर उम्र के लोग बहुत पसंद करते हैं।

महिला जागौरी समिति ने किया माँ दुर्गा जी की झांकी का भूमि पूजन

भोपाल। महिला जागौरी समिति द्वारा माँ दुर्गा जी की झांकी का भूमि पूजन कुम्हार पूरा बरखेड़ी में संपन्न हुआ। पूजा बिंदू शर्मा अंतरास्ट्रीय जूडो चेम्पियन, एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ,डॉ.प्रिया यादव , व्यवसायी श्रीमती पारुल जैन , मार्शल आर्ट गोल्ड मेडलिस्ट कनिष्का यादव से भूमि पूजन कराया गया। अध्यक्ष श्रीमती साधना नन्दू यादव द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया समिति संरक्षक हेमा ठाकुर विष्णु यादव , गंगा तिवारी ,दीदी अल्का श्रीवास , सरला कन्हैया , कृष्णा साहू , सोनाली यादव ,रूमा अहेलिया , संतोषी शाक्य , संगीता विश्वकर्मा , पूजा श्रीवास मंजू साहू जी संगीता यादव जी उपस्थित रहे।